Series &RQPS

SET~4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **357**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट / NOTE :**

(i) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
Please check that this question paper contains **15** printed pages.

(ii) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
Please check that this question paper contains **24** questions.

(iii) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(iv) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(v) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# व्यवसाय प्रबंध
# BUSINESS ADMINISTRATION

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*
*Time allowed : **3** hours*

*अधिकतम अंक : **60***
*Maximum Marks : **60***

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *कृपया निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं जो कि **दो** खण्डों में विभाजित हैं : खण्ड-**अ** और खण्ड-**ब** ।*

*(iii)* *खण्ड-**अ** में वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न हैं तथा खण्ड-**ब** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv)* *दिये गए **(6 + 18 =) 24** प्रश्नों में से प्रत्येक विद्यार्थी को निर्धारित (अधिकतम) समय **3** घंटे में **(6 + 11 =) 17** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v)* *किसी भी खण्ड विशेष के उत्तर सही क्रम में लिखे जाएँ ।*

*(vi)* ***खण्ड-अ : वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक)***

*(a)* *इस खण्ड में **06** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशानुसार उत्तर लिखें ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न / खण्ड के सामने दिए गए हैं ।*

*(vii)* ***खण्ड-ब : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (30 अंक)***

*(a)* *इस खण्ड में **18** प्रश्न हैं ।*

*(b)* *प्रत्येक विद्यार्थी को **11** प्रश्न हल करने हैं ।*

*(c)* *दिए गए निर्देशानुसार उत्तर दें ।*

*(d)* *निर्धारित अंक प्रत्येक प्रश्न / खण्ड के सामने दिए गए हैं ।*

## खण्ड – अ

## (वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न)

1. रोज़गार कौशल पर दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(i) __________ एक प्रस्तुति के अलग-अलग पृष्ठ हैं । **1**

(a) आकार पट्ट (टेम्पलेट) (b) स्लाइड्स

(c) अँगूठा निशान (d) शीट्स

(ii) __________ एक कम्पनी है जो अपने प्रचालनों की प्रथम अवस्था में है । **1**

(a) सेवा कम्पनी (b) स्टार्ट-अप कम्पनी

(c) नवप्रवर्तन कम्पनी (d) सरकारी कम्पनी

(iii) हरित कार्यों के लिए स्किल काउंसिल गठित करने वाले मंत्रालय का नाम दीजिए । **1**

## General Instructions :

*(i)* *Please read the instructions carefully.*

*(ii)* *This Question Paper consists of **24** questions in **two** sections : Section–**A** & Section–**B**.*

*(iii)* *Section–**A** has Objective Type Questions whereas Section–**B** contains Subjective type questions.*

*(iv)* *Out of the given **(6 + 18 =) 24** questions, a candidate has to answer **(6 + 11 =) 17** questions in the allotted (maximum) time of **3** hours.*

*(v)* *All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi)* ***Section–A : Objective Type Questions (30 Marks)***

- *(a)* *This Section has **06** questions.*
- *(b)* *There is no negative marking.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii)* ***Section–B : Subjective Type Questions (30 Marks)***

- *(a)* *This Section contains **18** questions.*
- *(b)* *A candidate has to do **11** questions.*
- *(c)* *Do as per the instructions given.*
- *(d)* *Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## SECTION – A

### (Objective Type Questions)

1. Answer any **4** out of the given **6** questions on Employability Skills : **4 × 1 = 4**

(i) _________ are the individual pages of a presentation. **1**

(a) Templates (b) Slides

(c) Thumb prints (d) Sheets

(ii) A _________ is a company that is in the first stage of its operations. **1**

(a) Service company (b) Start-up company

(c) Innovative company (d) Government company

(iii) Name the ministry which has set-up skill council for Green Jobs. **1**

(iv) __________ विभिन्न परिस्थितियों में अपनी भावनाओं, विचारों तथा व्यवहार को नियंत्रित करने की योग्यता है । **1**

(a) अभिप्रेरणा (b) स्वार्थपरता

(c) स्व-प्रबंध (d) स्व-विश्वास

(v) दीपक को हीन भावना, अस्वीकार्यता तथा आलोचना का अनुभव होता है । यह किस प्रकार का व्यक्तित्व विकार है ? **1**

(a) सीमावर्ती (b) टालमटोल

(c) आश्रित (d) जुनूनी

(vi) __________ संप्रेषण में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह, यह पता लगाने में सहायता करता है कि क्या प्राप्तकर्ता संदेश को समझ पाया या नहीं । **1**

2. दिए गए **7** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) प्रबंध को देखा नहीं जा सकता है अपितु इसकी उपस्थिति अनुभव की जा सकती है । दिए गए कथन में प्रबंध की कौन सी विशेषता पर प्रकाश डाला गया है ? **1**

(a) सामूहिक क्रिया (b) गतिवान कार्य

(c) अमूर्त शक्ति (d) सतत प्रक्रिया

(ii) कुशल तथा अकुशल कामगारों में भेद करने वाली वह तकनीक जिसका उपयोग टेलर ने किया : **1**

(a) विभेदात्मक इकाई मजदूरी प्रणाली (b) समय अध्ययन

(c) गति अध्ययन (d) विधि अध्ययन

(iii) "संगठन में अकुशल संप्रेषण माध्यम हैं ।" यहाँ संप्रेषण की कौन सी रुकावट को संदर्भित किया गया है ? **1**

(a) भावनात्मक (b) प्रणालीगत

(c) विचारात्मक (d) मनोवैज्ञानिक

(iv) कर्मचारियों में उनकी योग्यता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ निष्पादन की इच्छा का सृजन करना निर्देशन का एक महत्वपूर्ण तत्त्व है । इसका नाम दीजिए । **1**

(v) निम्न में से कौन सा उपभोक्ताओं के प्रति व्यवसाय के सामाजिक दायित्व का एक भाग है ? **1**

(i) उपलब्धि तथा पदोन्नति की उचित प्रणाली ।

(ii) व्यावसायिक प्रचालनों की कार्यक्षमता में सुधार करना ।

(iii) वस्तुओं की उचित मूल्य पर आपूर्ति करना ।

(iv) सुने जाने तथा शिकायतों के निपटान के लिए अवसर प्रदान करना ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i) तथा (ii) (b) (iii) तथा (iv)

(c) (ii) तथा (iii) (d) (i) तथा (iii)

(iv) __________ is the ability to control one's emotions, thoughts and behaviour effectively in different situations. 1

(a) Motivation (b) Selfishness

(c) Self-management (d) Self-belief

(v) Deepak has a feeling of inferiority, rejection and criticism. What type of personality disorder is this ? 1

(a) Borderline (b) Avoidant

(c) Dependent (d) Obsessive

(vi) __________ is important in communication as it helps in knowing whether the receiver has understood the message or not. 1

2. Answer any **5** out of the given **7** questions : **5 × 1 = 5**

(i) Management cannot be seen but its presence can be felt. Which characteristic of management is highlighted in the given statement ? 1

(a) Group activity (b) Dynamic function

(c) Intangible force (d) Continuous process

(ii) The technique used by Taylor for distinguishing efficient and inefficient workers : 1

(a) Differential piece wage system (b) Time study

(c) Motion study (d) Method study

(iii) "There are inefficient communication channels within the organisation". Which hurdle of communication is being referred here ? 1

(a) Emotional (b) Systematic

(c) Attitudinal (d) Psychological

(iv) To create a desire among employees to perform to the best of their ability is an important element of directing. Name it. 1

(v) Which of the following are part of social responsibilities of business towards consumers ? 1

(i) Proper system for accomplishment and promotion.

(ii) Improving efficiency of business operations.

(iii) To supply goods at reasonable prices.

(iv) To provide an opportunity for being heard and address grievances.

Choose the correct option :

(a) (i) and (ii) (b) (iii) and (iv)

(c) (ii) and (iii) (d) (i) and (iii)

(vi) वित्तीय प्रेरक के किसी एक प्रकार का नाम दीजिए । **1**

(vii) निम्न में से कौन सा सूचना प्रौद्योगिकी के महत्त्व पर प्रकाश नहीं डालता है ? **1**

(a) गति
(b) शुद्धता
(c) प्रासंगिकता
(d) समय लेने वाला

3. दिए गए **7** प्रश्नों में से किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **6 × 1 = 6**

(i) "प्रबंधक के रूप में अमित लागत कम करना तथा उत्पादकता में सुधार करना चाहता है ।" दिए गए कथन में प्रकाशित प्रबंध के महत्त्व को पहचानिए । **1**

(a) प्रबंध उद्देश्य निर्धारण में सहायता करता है ।
(b) प्रबंध नवप्रवर्तन को प्रोत्साहित करता है ।
(c) प्रबंध गतिशील संगठन का सृजन करने में सहायता करता है ।
(d) प्रबंध संसाधनों के कुशल उपयोग में सहायता करता है ।

(ii) प्रबंध के उस सिद्धान्त का नाम दीजिए जो दोहरी अधीनस्थता को रोकता है । **1**

(iii) प्रचालनों का नियंत्रण करते समय प्राप्त अनुभव __________ प्रक्रिया तथा कार्य में सुधार में सहायता करेगा । **1**

(a) नियोजन
(b) निर्देशन
(c) संगठन
(d) नियुक्तिकरण

(iv) नेतृत्व की कौन सी शैली के अन्तर्गत नेता उसके अधीनस्थों द्वारा दिए गए नवप्रवर्तन विचारों को सराहता है तथा उनसे विचार-विमर्श के पश्चात् ही नीति बनाता है ? **1**

(v) विलियम आऊची द्वारा अभिप्रेरणा का कौन सा सिद्धान्त दिया गया था ? **1**

(vi) "संप्रेषण सूचना का सुनियोजित, तार्किक तथा आनुक्रमिक प्रस्तुतीकरण होना चाहिए ।" इस कथन में प्रभावी संप्रेषण के कौन से पहलू को संदर्भित किया गया है ? **1**

(vii) निगमीय सामाजिक दायित्व का कौन सा दृष्टिकोण कोष तथा कौशल प्रदान करने में सहायता करता है ? **1**

4. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) अशोक व्यवसाय के नए लेन-देनों पर हस्ताक्षर करने तथा विदेशी कम्पनियों के साथ संयुक्त उद्यम बनाने के लिए उत्तरदायी है । अशोक प्रबंध के किस स्तर पर कार्यरत है ? **1**

(a) निम्न स्तर
(b) मध्य स्तर
(c) कार्यकारी स्तर
(d) उच्च स्तर

(vi) Name any one type of Financial Incentive. **1**

(vii) Which of the following does not highlight the importance of Information Technology ? **1**

(a) Speed (b) Accuracy

(c) Relevance (d) Time consuming

3. Answer any **6** out of the given **7** questions : **6 × 1 = 6**

(i) "As a manager Amit aims at reducing cost and increasing productivity." **1**

Identify the importance of management highlighted in the given statement.

(a) Management helps in determining objective.

(b) Management encourages innovation.

(c) Management helps in creating dynamic organisation.

(d) Management helps in efficient use of resources.

(ii) Name the principle of management which prevents dual subordination. **1**

(iii) The experience gained while controlling the operations will help improve the process and function of _________. **1**

(a) Planning (b) Directing (c) Organising (d) Staffing

(iv) In which leadership style the leader appreciates any innovative ideas given by his subordinates and frames policy only after consulting them ? **1**

(v) Which theory of Motivation was propounded by William Ouchi ? **1**

(vi) "Communication should be well planned, logical and sequential presentation of information." Which aspect of effective communication is being referred in this statement ? **1**

(vii) Which approach of Corporate Social Responsibility helps in providing funds and skills ? **1**

4. Answer any **5** out of the given **6** questions : **5 × 1 = 5**

(i) Ashok is responsible for signing new business deals and entering into joint ventures with foreign companies. At which level of management is Ashok working ? **1**

(a) Lower level (b) Middle level

(c) Executive level (d) Top level

(ii) प्रबंध के उस सिद्धांत का नाम दीजिए जो जुर्मानों के न्यायसंगत उपयोग की आवश्यकता बताता है । 1

(iii) नियुक्तिकरण प्रक्रिया के सही अनुक्रम की पहचान कीजिए : 1

(i) भर्ती (ii) मानवशक्ति नियोजन

(iii) प्रवेशण तथा अनुस्थापन (iv) पदस्थापन

(v) चयन

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (ii), (i), (v), (iv), (iii) (b) (i), (ii), (v), (iii), (iv)

(c) (ii), (v), (i), (iii), (iv) (d) (iv), (ii), (v), (i), (iii)

(iv) औपचारिक संप्रेषण की किसी एक विशेषता का उल्लेख कीजिए । 1

(v) एक करिश्माई नेता की मूल विशेषता क्या है ? 1

(a) औपचारिक अधिकार पर भरोसा करना ।

(b) अनुयायियों को अभिप्रेरित तथा उत्साहित करना ।

(c) कठोर नियम तथा कार्यप्रणाली की स्थापना करना ।

(d) कर्मचारियों को निर्णय लेने की पूर्ण स्वतंत्रता देना ।

(vi) कार्य पद विस्तार का क्या अर्थ है ? 1

5. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) नवशास्त्रीय दृष्टिकोण की अवधारणा के विषय में क्या सत्य नहीं है ? 1

(a) यह कामगारों के मानवीय तथा सामाजिक पहलू को महत्त्व देता है ।

(b) कामगार दल के सदस्य के रूप में कार्य करते हैं ।

(c) दल के सदस्यों में मानदंडों को स्थापित करने के लिए औपचारिक नेता महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं ।

(d) कामगार कार्य, सूचना तथा ज्ञान साझा करते हैं ।

(ii) ग्राहकों की बदलती आवश्यकताओं तथा पसंद की प्रतिक्रिया स्वरूप जींजर फुड्स लिमिटेड ने अपने बिस्कुटों में शक्कर तथा वसा के स्तर को कम कर दिया है । यह रणनीति सुझाती है कि प्रबंध __________ है । 1

(a) एक अमूर्त शक्ति (b) एक समूह गतिविधि

(c) एक गतिशील कार्य (d) एक बहुआयामी गतिविधि

(iii) नियंत्रण प्रक्रिया का अन्तिम चरण है : 1

(a) मानकों का निर्धारण (स्थापना)

(b) उपचारात्मक कार्यवाही करना

(c) निष्पादन को मापना

(d) वास्तविक तथा मानक निष्पादन की तुलना करना

(ii) Name the Principle of Management which requires judicious application of penalties by management. **1**

(iii) Identify the correct sequence of Staffing process : **1**

(i) Recruitment (ii) Manpower Planning

(iii) Induction and Orientation (iv) Placement

(v) Selection

Choose the correct option :

(a) (ii), (i), (v), (iv), (iii) (b) (i), (ii), (v), (iii), (iv)

(c) (ii), (v), (i), (iii), (iv) (d) (iv), (ii), (v), (i), (iii)

(iv) State any one feature of Formal Communication. **1**

(v) What is the key characteristic of a charismatic leader ? **1**

(a) Relying on formal authority

(b) Motivating and inspiring followers

(c) Establishing strict rules and procedures

(d) Giving employees complete freedom to make decisions.

(vi) What is meant by job enlargement ? **1**

5. Answer any **5** out of the given **6** questions : **5 × 1 = 5**

(i) What is not true about the concept of Neo Classical Approach ? **1**

(a) It gives importance to human and social aspect of workers.

(b) Workers act as member of group.

(c) Formal leaders play an important part in enforcing norms among the members of group.

(d) Workers share tasks, information and knowledge.

(ii) Zinger Foods Ltd. has reduced the sugar and fat levels of its cookies in response to changing customers' needs and tastes. This strategy suggests that management is _________. **1**

(a) An intangible force (b) A group activity

(c) A dynamic function (d) A multidisciplinary activity

(iii) The last step in controlling process is : **1**

(a) Establishment of standards

(b) Taking remedial action

(c) Measurement of performance

(d) Comparison of Actual and Standard performance

(iv) व्यावसायिक संसाधनों को सुविधाजनक रूप से सहज बनाने हेतु अच्छे एकीकरण के लिए प्रबंध __________ सॉफ्टवेयर का प्रयोग करता है। 1

(a) उद्यम संसाधन नियोजन

(b) उपभोक्ता कार्यक्रम

(c) इलेक्ट्रॉनिक एक्सचेंज कार्यक्रम

(d) ई-व्यवसाय संसाधन नियोजन

(v) व्यवसाय के आर्थिक उत्तरदायित्व का एक उदाहरण दीजिए। 1

(vi) खुली छूट नेतृत्व शैली की कोई एक हानि लिखिए। 1

6. दिए गए **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5 × 1 = 5**

(i) सूचना प्रौद्योगिकी का कोई एक पहलू दीजिए। 1

(ii) निम्नलिखित में से कार्यात्मक संरचना का एक लाभ है। इसकी पहचान कीजिए। 1

(a) लचीलापन (b) व्यक्तिगत ध्यान

(c) उच्च विशिष्टिकरण (d) अन्तिम परिणामों के लिए उत्तरदायित्व

(iii) निम्न में से कौन सा 'पेशा' की एक विशेषता नहीं है ? 1

(a) प्रतिबंधित प्रवेश (b) पेशेवर एसोसिएशन

(c) ज्ञान का व्यवस्थित निकाय (d) सेवा उद्देश्य

(iv) निम्न में से कौन सी नेतृत्व की एक वांछित विशेषता है ? 1

(a) नेता से अनुयायियों को एकल दिशा प्रभाव

(b) अनिवार्य शक्ति तथा अधिकार

(c) स्वतंत्रता की कमी

(d) नेता तथा प्रबंधकों का सह-अस्तित्व

(v) निम्न में से प्रबंध के शास्त्रीय दृष्टिकोण की शाखाएँ कौन सी हैं ? 1

(i) वैज्ञानिक प्रबंधन (ii) प्रशासकीय प्रबंधन

(iii) मानव संसाधन प्रबंधन (iv) नौकरशाही सिद्धांत

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (iv)

(c) (i), (ii), (iv) (d) (i), (iii), (iv)

(vi) सूरज को अधिक वेतन तथा दायित्व के साथ एक उच्च पद पर पदासीन किया गया है। अवधारणा का नाम दीजिए। 1

(iv) For convenient facilitation of business processes the organisation makes use of _________ software for better integration. **1**

(a) Enterprise Resource Planning

(b) Consumer Programme

(c) Electronic Exchange Programme

(d) E-business Resource Planning

(v) Give an example of economic responsibility of business. **1**

(vi) Write any one disadvantage of Free-Rein Leadership style. **1**

6. Answer any **5** out of the given **6** questions : **5 × 1 = 5**

(i) Mention any one aspect of Information Technology. **1**

(ii) One of the following is an advantage of functional structure. Identify. **1**

(a) Flexibility (b) Personalised attention

(c) High specialization (d) Responsibility for end results

(iii) Which of the following is not a feature of profession ? **1**

(a) Restricted Entry (b) Professional Association

(c) Systematic Body of knowledge (d) Service Motive

(iv) Which of the following is a desirable feature of leadership ? **1**

(a) One directional influence from leader to follower.

(b) Coercive power and authority

(c) Lack of freedom

(d) Coexistence of leaders and managers

(v) Which of the following are the branches of Classical Approach of Management ? **1**

(i) Scientific Management (ii) Administrative Management

(iii) Human Resource Management (iv) Bureaucratic Theory

Choose the correct option :

(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (iv)

(c) (i), (ii), (iv) (d) (i), (iii), (iv)

(vi) Suraj is being placed at a higher job position with more salary and responsibility. Name the concept. **1**

## खण्ड – ब

## (विषयपरक प्रकार के प्रश्न)

दिए गए 5 प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक का उत्तर 20–30 शब्दों में दीजिए : $3 \times 2 = 6$

7. उद्यमिता की पर्यावरणी रुकावटों को समझाइए । 2

8. एक हरित कार्य के कोई दो लाभ दीजिए । 2

9. स्प्रैडशीट क्या है ? तीन मुख्य तरीके के आँकड़ों, जिन्हें स्प्रैडशीट में प्रविष्ट किया जा सकता है, के नाम दीजिए । 2

10. व्यक्तित्व विकार दूर करने के कोई दो चरण दीजिए । 2

11. संप्रेषण में सुनने का कौशल महत्वपूर्ण क्यों है ? 2

दिए गए 5 प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक का उत्तर 20–30 शब्दों में दीजिए : $3 \times 2 = 6$

12. टेलर द्वारा प्रतिपादित मानसिक क्रान्ति के किन्हीं दो पहलुओं की सूची दीजिए । 2

13. निर्देशन के एक तत्त्व के रूप में 'पर्यवेक्षण' को समझाइए । 2

14. लोकतांत्रिक नेतृत्व शैली की कोई दो हानियाँ लिखिए । 2

15. एक कर्मचारी को अभिप्रेरित करने के लिए गैर–वित्तीय प्रेरक के रूप में 'समूह प्रेरक' को समझाइए । 2

16. अपने अधीनस्थों में एक नेता कैसे दल भावना का निर्माण तथा आत्मविश्वास का सृजन कर सकता है ? समझाइए । 2

दिए गए 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर दीजिए । प्रत्येक का उत्तर 30–50 शब्दों में दीजिए : $2 \times 3 = 6$

17. अनौपचारिक संप्रेषण के किन्हीं तीन लाभों का उल्लेख कीजिए । 3

18. "एक सफल प्रबंधक तथा कम सफल प्रबंधक में अन्तर, सिद्धान्तों को व्यावहारिक बनाने में है ।" उपरोक्त कथन में प्रबंध की कौन सी प्रकृति पर प्रकाश डाला गया है ? इसकी किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 3

19. "अभिप्रेरणा सकारात्मक अथवा नकारात्मक हो सकती है ।" समझाइए । 3

दिए गए 5 प्रश्नों में से किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक का उत्तर 50–80 शब्दों में दीजिए : $3 \times 4 = 12$

20. अ, ब तथा स साझेदार हैं । ये भारतीय हस्तकला वस्तुओं के निर्यात का व्यवसाय करते हैं । वर्ष 2022-23 में इन्होंने ₹ 1,00,000 का लाभ अर्जित किया । वर्ष 2023 में इन्होंने ऑनलाइन व्यवसाय करने का निर्णय लिया । परन्तु इस निर्णय से ग सहज नहीं था । आप उनके परामर्शदाता हैं । ग को ई–व्यवसाय के कोई चार लाभ सुझाइए । 4

## SECTION – B
## (Subjective Type Questions)

Answer any **3** out of the given **5** questions in **20-30** words each : **3 × 2 = 6**

7. Explain Environmental Barriers to entrepreneurship. **2**

8. Mention any two benefits of a Green Job. **2**

9. What is a Spreadsheet ? Name the three main types of data which can be entered in a spreadsheet. **2**

10. Write any two steps to overcome personality disorders. **2**

11. Why is listening skill important in communication ? **2**

Answer any **3** out of the given **5** questions in **20-30** words each : **3 × 2 = 6**

12. List any two aspects of Mental Revolution as propounded by Taylor. **2**

13. Explain 'Supervision' as an element of Directing. **2**

14. Write any two disadvantages of Democratic Leadership Style. **2**

15. Explain 'Group Incentive' as a Non-Financial Incentive for motivating an employee. **2**

16. How can a leader help in building team spirit and create confidence among the subordinates ? Explain. **2**

Answer any **2** out of the given **3** questions in **30-50** words each : **2 × 3 = 6**

17. State any three advantages of Informal Communication. **3**

18. "What distinguishes a successful manager from a less successful one is the ability to put the principles into practice." Which aspect of nature of management is highlighted in the above statement ? State any two of its features. **3**

19. "Motivation can be positive or negative". Explain. **3**

Answer any **3** out of the given **5** questions in **50-80** words each : **3 × 4 = 12**

20. A, B and C are partners. They are into a business of exporting Indian Handicraft items. They earned a profit of ₹ 1,00,000 in the year 2022-23. In the year 2023 they decided to make their presence online. But C was not comfortable with this decision. You are their business consultant. Suggest any four advantages of doing E-business to C. **4**

21. कृष, रीना तथा योगेश बहन–भाई हैं । वे हर्बल कॉस्मेटिक का उत्पादन करने वाले एक व्यवसाय के साझेदार हैं । 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उनका लाभ ₹ 10,00,000 था । लाभ को बाँटने से पूर्व उन्होंने इसके 10% को एक गैर–सरकारी संगठन, जो समाज के शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के कल्याण में लगा हुआ है, को दान दिया । उन्होंने अपने संगठन के कर्मचारियों को प्रोत्साहन भी प्रदान किए । कृष, रीना तथा योगेश द्वारा निभाए गए सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रकारों को पहचानिए तथा समझाइए । **4**

22. पिछले एक वर्ष से कम्पनी क्रेटा लिमिटेड बहुत सारी कठिनाइयों का सामना कर रही है । यह धवल वस्तुओं जैसे माइक्रोवेव, वाशिंग मशीन तथा एयर कंडिशनर्स का उत्पादन करती है । कम्पनी के उपांत कम होते जा रहे हैं । कम्पनी का बाज़ार भाग तथा लाभ भी कम हो रहे हैं । उत्पाद विभाग, विक्रय विभाग पर विक्रय लक्ष्य पूरा न करने का इल्ज़ाम लगा रहा है तथा विपणन विभाग कम गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन करने के लिए उत्पादन विभाग पर इल्ज़ाम लगा रहा है । वित्त विभाग, इन दोनों विभागों पर निवेश पर प्रत्याय कम होने का इल्जाम लगा रहा है ।

    (i) उपरोक्त स्थिति में प्रकाशित प्रबंध की अवधारणा की पहचान कीजिए ।

    (ii) पहचानी गई अवधारणा के महत्त्व के किन्हीं तीन बिन्दुओं को समझाइए । **4**

23. "एक प्रभावी नेता के कुछ गुण होते हैं जो इसे सामान्य मानव से अलग करते हैं ।" एक अच्छे नेता के किन्हीं चार गुणों को समझाइए । **4**

24. एक्स.वाई.जेड़., ऑटोमोबाइल कम्पनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव अपनी कम्पनी को भविष्य में अग्रणी लीडर बनाने का स्वप्न देख रहा है, जिसके लिए वह अनुभव करता है कि सोच प्रक्रिया बहुत प्रभावशाली होनी चाहिये । उसके पास विभिन्न स्तरों पर कार्य करने वाली लोगों की बहुत कुशल टीम है । परन्तु उसकी आदत कार्य निष्पादन के अत्यधिक पर्यवेक्षण की तथा विभागीय प्रमुखों को निर्णय नहीं लेने देने की है । इससे उसका तनाव स्तर बढ़ जाता है तथा कार्यकुशलता कम हो जाती है । वह प्रशासकीय तथा प्रबंधन कार्यों में संतुलन बनाने में असफल है ।

    (i) प्रबंध के जिस स्तर पर राजीव कार्यरत है उसका नाम दीजिए ।

    (ii) पहचाने गए प्रबंध स्तर के किसी एक कार्य का उल्लेख कीजिए ।

    (iii) प्रकृति तथा कार्य के आधार पर प्रशासन तथा प्रबंध में अन्तर दीजिए ताकि राजीव कुशलता तथा प्रभावी रूप से कार्य कर सके । **1 + 1 + 2 = 4**

21. Krish, Reena and Yogesh are siblings. They are also partners of a business of manufacturing Herbal cosmetics. The profit for the year ending March 31, 2023 was ₹ 10,00,000. Before distributing profits, they donated 10% of profits to an NGO, as charity for welfare of educationally backward section of the society. They also provided incentives to the employees of their organisation. Identify and explain the types of social responsibilities being adhered to by Krish, Reena and Yogesh. **4**

22. Company Creta Ltd. is facing a lot of problems from past one year. It manufactures white goods like microwave, washing machine, air conditioners. The company's margins are declining. The profits and market share are also steep low. The production department blames marketing department for not meeting sales target and marketing department blames production department for producing low quality products. Finance department blames both the departments for declining return on investment.
    (i) Identify the concept of management being highlighted in the above case.
    (ii) Explain any three points of importance of the identified concept. **4**

23. "An effective leader possesses certain qualities which differentiates him from common man." Explain any four qualities of a good leader. **4**

24. The CEO Rajeev of XYZ Ltd., an automobile company dreams of his company becoming the best player in future, for which he feels thinking process has to be very effective. He has a very efficient team of people working at various levels. But he is in the habit of overseeing the execution work and not letting the Heads of the department take the decision. This adds to his stress level and decreases efficiency. He is unable to maintain a balance between administration and management functions.
    (i) Identify the level of management at which Rajeev is working.
    (ii) State any one function of the level of management identified.
    (iii) Differentiate between administration and management on the basis of nature and functions, so that Rajeev can work efficiently and effectively. **1 + 1 + 2 = 4**